an>

Title: Regarding terrorist attacks by Pakistan on Indian army and BSF personnel and compensation/employment to the family members of martyrs.

श्री शेर सिंह गुबाया (फ़िरोज़पुर) : महोदया, आपने एक बड़े सिरियस मैटर पर बोलने का मौका दिया है। पिछले दिनों पाकिस्तान की ओर से इंडियन आर्मी और बी.एस.एफ पर आतंकवादी हमला हुआ जिसमें काफी नौजवान हमारे देश के मारे गए। हमारे नौजवान देश की रक्षा की खातिर अपना जीवन बलिदान कर देते हैं। मोदी जी इंटरनेशनल लेवल पर इंनिश्यटिव ले रहे हैं, उनकी मीटिंग भी हुई है किन्तु उसका कोई सार्थक रिजल्ट अभी तक नहीं आया है। पाकिस्तान की तरफ से हमेशा आतंकवादी हमले होते हैं। क्या हमारी सरकार उससे सख्ती से नहीं निपट सकती। अगर इससे सख्ती से निपटा जाएगा, तभी हम बच सकते हैं। मेरा निवेदन है कि जो लोग मारे गए हैं, उनके परिवार को कम्पन्सेंट किया जाए, इम्पलायमेंट और मुआवजा दिया जाए। मेरे एरिया का एक नौजवान अफगानिस्तान में आतंकवादी हमला में मारा गया, अभी तक उसके परिवार को कुछ भी नहीं मिला है।